कार्रवाई | पंचायत चौराहा में आठ दुकानों के लिए बनाए गए अवैध निर्माण को नगर निगम ने हटाया

जेसीबी से तोड़ा गया अवैध निर्माण

नवभारत, कटनी। शहर के मुख्य मार्गों को अतिक्रमण मुक्त कर यातायात व्यवस्था को सुगम कराने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा बुधवार को शहर के उपनगरीय क्षेत्र माधवनगर में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। अभियान के दौरान प्रमुख व्यावसायिक और मुख्य मार्गो से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान पुलिस बल और नगर निगम की अतिक्रमण टीम द्वारा जेसीबी से अतिक्रमण हटाया गया है। टीम द्वारा माधव नगर के उन स्थलों को चिन्हित कर कार्रवाई की गई जहां पर आठ अस्थाई दुकानों को जेसीबी से तोड़ा गया। नगर निगम के अतिक्रमण प्रभारी मानेन्द्र सिंह ने बताया कि माधव नगर में मुख्य पहुंच मार्ग तांगा स्टैंड सहित पंचायत चौराहा के विभिन्न स्थलों अस्थाई अवैध निर्माण को हटाया गया है। कार्रवाई के दौरान 8 दुकानों में निर्धारित सीमा के बाहर अनाधिकृत रूप से लगे टीन शेड, बोर्ड को हटाया गया। वहीं मुख्य मार्गो के ठेलों सब्जी विक्रेताओं को भी मार्ग से अलग कर व्यवस्थित करते हुए आवागमन को बेहतर बनाने के प्रयास किए गए है। नगरीय क्षेत्र में सुगम यातायात व्यवस्था के मद्देनजर महारानी लक्ष्मी बाई तिराहा से कोतवाली तिराहा तक चलाए गए अभियान के दौरान मुख्य मार्गो के किनारे फुटपाथ पर निर्धारित सीमा के बाहर लगीं अस्थाई दुकानों को हटाकर फुटपाथ खाली कराने की कार्रवाई की गई। इस दौरान कोतवाली तिराहा से मिशन चौक तक सड़क किनारे अव्यवस्थित ठेलों टपरों को अलग कराते हुए आवागमन व्यवस्था को बेहतर बनाने का प्रयास किया गया। इसके अलावा अतिक्रमण हटाओ टीम द्वारा शहर के विभिन्न मुख्य मार्गो में मुनादी के माध्यम से दुकानदारों को दुकान सामग्री निर्धारित सीमा के अंदर रखने की हिदायत दी गई। दुकान की सामग्री सड़क पर रखने पर जब्त की कार्रवाई करने के साथ ही जुर्माना कार्रवाई करने की चेतावनी भी दी गई है।

सुबह 8 से शाम 6 बजे तक बंद रहेगी बिजली आपूर्ति

नवभारत, कटनी। 33 केवी मेन बस का कार्य करने के कारण गुरूवार को सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। जिन क्षेत्रों में बिजली बंद रहेगी उनमें खिरहनी, साईंपुरम कॉलोनी, दुबे कॉलोनी, दुर्गा चौक, प्रेमनगर, छोटी खिरहनी, राहुल बाग, निमिया मोहल्ला, गायत्री नगर, नीरज टॉकीज, शास्त्री कॉलोनी, एनकेजे मार्केट, जैन कॉलोनी, एसकेपी कॉलोनी, आईटीआई, मंगल नगर, बिलगवा, लखेरा, मूंगाबाई कॉलोनी, बड़वारा, रोशन नगर, सिविल लाइन, वीआईपी रोड, रेलवे स्टेशन, शासकीय अस्पताल, बरही रोड, विधायक बंगला, हीरागंज, गुरुनानक वार्ड, सुभाष चौक, झंडा बाजार, गोल बाजार, गर्ग चौराहा, घंटाघर, गांधी द्वार, सब्जी मंडी, विश्वकर्मा पार्क, गणेश चौक, गजानन कॉम्प्लेक्स, ढोर अस्पताल सहित निवार, भनपुर सहित आसपास के क्षेत्र में बिजली आपूर्ति बंद रहेगी।

निर्धारित समय-सीमा में कराएं नहर का निर्माण

बरगी व्यपवर्तन परियोजना के तहत बनाई जा रही नहर

नवभारत, कटनी। कलेक्टर आशीष तिवारी ने मंगलवार को बरगी व्यपवर्तन परियोजना के अंतर्गत 224.48 करोड रूपए की लागत से बन रही करीब 42 किलोमीटर लंबी विजरायघगढ शाखा नहर का औचक निरीक्षण किया। कलेक्टर ने तय समय-सीमा मे नहर का गुणवत्ता पूर्ण निर्माण करने के निर्देश दिए। विजराघवगढ शाखा नहर पूरा होने के बाद इस अंचल के 20 हजार 911 हेक्टेयर भू-क्षेत्र में सिंचाई हो सकेगी। कलेक्टर ने खरखरी माइनर, गौरहा माइनर, दुरजनपुर और चरी गाव सहित जिजनौडी, घुरवई गाव में निर्माणाधीन नहर का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने आटो लेबल मशीन के माध्यम से नहर के बेड लेवल का मापन कराया। साथ ही गेट से पानी के निकासी के लिए बनाई जा रही संरचना का भी निरीक्षण किया। इस दौरान मौके पर मौजूद एसडीएम को कलेक्टर ने निर्देशित किया की नहर निर्माण के लिए भू- अर्जन के गतिरोध को दूर कराएं और मुआवजा ले चुके किसानों से अर्जित भूमि का एनव्हीडीए को कब्जा दिलाने के निर्देश दिए। ताकि नहर निर्माण कार्य में तेजी लाई जा सके।

एक नजर में

ब्लैकस्पॉट पर लगाए जाएं संकेतक, रिफ्लेक्टर

नवभारत, कटनी। कलेक्टर आशीष तिवारी ने सुगम आवागमन और यातायात व्यवस्था की दृष्टि से चिन्हित संवेदनशील ब्लैकस्पॉट स्थलों पर दुर्घटना की रोकथाम के लिए संकेतक, रिफ्लेक्टर और ब्लिंकर लगवाने के निर्देश दिए हैं। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर की अध्यक्षता में हुई जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा निगमायुक्त तपस्या परिहार की मौजूदगी में आयोजित हुई। कलेक्टर ने बैठक में जिले में निर्मित ब्लैक स्पॉट के रेस्टोरेशन में सुरखी -सरसवाही मार्ग की चौड़ाई बढ़ाए जाने के लिए एनएचएआई को निर्देशित किया। जिससे होने वाली दुर्घटनाओं को रोका जा सके। इसी प्रकार लखापतेरी में यादव ढाबा के पास हाई-वे पर फ्लाई ओवर और सविल रोड के विभाजन पर होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए एनएचएआई की टीम और पुलिस प्रशासन के अमले को संयुक्त रूप से निरीक्षण करने के लिए आदेशित किया गया। नगर निगम को घंटाघर मार्ग को जल्द पूरा करने और मलवा हटाने के लिए निर्देशित किया गया। झिंझरी- बिलहरी मोड़ और चांडक चौक में रोटरी निर्माण का प्रस्ताव, टेंडर आमंत्रित करने के लिए चर्चा की गई। जिले में बैंको के बाहर अनाधिकृत, अव्यवस्थित रूप से वाहन खड़े करने पर पुलिस विभाग को चालानी कार्रवाई करने के लिए कहा गया। इसके अलावा पुलिस विभाग को वाहन में दो से अधिक व्यक्ति के बैठने, शराब पीकर वाहन चलाने, नो पार्किंग पर वाहन खड़े करने पर चालानी कार्रवाई करने के लिए निर्देश दिया गया। दुर्गा चौक के पास निर्मित बारात घर के सामने अवैध रूप से वाहनों के खड़े करने के कारण बाधित होने वाले यातायात को सुगम और सुचारू बनाने के लिए संयुक्त निरीक्षण कर चालानी कार्रवाई किए जाने के लिए निर्देशित किया गया। बैठक में राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारी, लोक निर्माण विभाग के आरके बत्रा, विवेक श्रीवास्तव, जिला शिक्षा अधिकारी राजेश अग्रहरि, आरटीओ संतोष पाल सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

पुलिस की तत्काल सहायता से बची चालक की जान

अज्ञात वाहन ने मारी थी वाहन को टक्कर,फंस गया था चालक

नवभारत, रीठी। कटनी-दमोह मुख्य मार्ग पर एक बार फिर तेज रफ्तार और लापरवाही बड़ा हादसा कराने वाली थी, लेकिन समय पर पुलिस और डायल 112 की सक्रियता से एक व्यक्ति की जान बच गई। मामला कटनी जिले के रीठी थाना क्षेत्र अंतर्गत आईटीआई कॉलेज के पास का है, जहां एक अज्ञात वाहन ने पिकअप वाहन को जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि पिकअप वाहन का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर अचानक हुई, जिससे पिकअप चालक वाहन के अंदर ही फंस गया। घटना की सूचना मिलते ही रीठी थाना की डायल 112 टीम बिना देरी किए मौके पर पहुंची। घायल चालक को प्राथमिक सहायता देते हुए तत्काल रीठी शासकीय अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों द्वारा उसका इलाज शुरू किया गया। समय पर उपचार मिलने से घायल की हालत स्थिर बताई जा रही है और उसकी जान बच सकी। हादसे के बाद कटनी-दमोह मुख्य मार्ग पर कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया और सड़क पर जाम की स्थिति निर्मित हो गई।

जाम की सूचना मिलते ही रीठी थाना प्रभारी मोहम्मद शाहिद खान स्वयं पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस टीम द्वारा यातायात व्यवस्था को नियंत्रित किया गया।

अंतिम छोर के व्यक्ति को लाभ पहुंचाने का कार्य कर रही भाजपा सरकार

समर्पण दिवस के रूप में मनाई गई पं. दीनदयाल की पुण्यतिथि

नवभारत, कटनी। भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में आज पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि समर्पण दिवस के रूप में मनाई गई। कार्यक्रम में भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय और एकात्म मानवतावाद के सिद्धांतों को आत्मसात करने का संकल्प लेते हुए उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर आजीवन सहयोग निधि समर्पण अभियान की भी शुरुआत की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टंडन ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के सिद्धांतों को आत्मसात करते हुए केंद्र, राज्य सरकारें अंतिम छोर के व्यक्ति तक जनकल्याण पहुंचाने का कार्य कर रही हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में संचालित योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि सरकारें अंत्योदय के लक्ष्य को लेकर कार्यरत हैं। साथ ही उन्होंने आजीवन सहयोग निधि में अधिक से अधिक सहभागिता का आह्वान किया। पूर्व शिक्षा राज्यमंत्री अलका जैन ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय को नमन करते हुए कहा कि उनके विचारों और सिद्धांतों ने संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। उन्होंने समर्पण निधि के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसे संगठन सुदृढ़ीकरण का माध्यम बताया। पूर्व महापौर शशांक श्रीवास्तव ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने भारतीय राजनीति को नई दिशा और दशा दी। उन्होंने राष्ट्रवाद और एकात्म मानवदर्शन के माध्यम से समाज को नया चिंतन दिया और कठिन परिस्थितियों में भी सिद्धांतों से समझौता नहीं किया। पूर्व जिलाध्यक्ष रामरतन पायल ने कहा कि समर्पण का भाव हमें दीनदयाल जी के व्यक्तित्व से सीखने को मिलता है।

वहीं पूर्व जिलाध्यक्ष चमनलाल आनंद ने उनके जीवन को देश और समाज के लिए पूर्ण समर्पण का उदाहरण बताया।

दिव्यांग के पास पहुंचकर महापौर ने सुनी समस्या

जनसुनवाई में ही अपलोड कराए दस्तावेज, मिलेगा राशन

नवभारत, कटनी। नगर निगम में जनसुनवाई के दौरान एक मानवीय दृश्य तब देखने को मिला, जब राम निवास सिंह वार्ड निवासी दिव्यांग नागरिक दीपक रैकवार अपनी समस्या लेकर महापौर से मिलने पहुंचे। दीपक की दिव्यांगता को देखकर महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने संवेदनशीलता का परिचय देते हुए उन्हें अपने पास बुलाने के बजाय स्वयं उनके पास पहुंचकर गंभीरता के साथ उनकी पीड़ा सुनी। दीपक ने बताया कि गल्ला पर्ची जारी नहीं हो पाने के कारण उनके परिवार वालों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। महापौर ने दीपक की परिस्थितियों को गंभीरता से समझते हुए योजना प्रभारी रविशंकर पांडेय को समक्ष में बुलाकर दीपक की गल्ला पर्ची जारी होने में आ रही दिक्कतों का समाधान कराने के निर्देश दिए।

सरकारी स्कूल से सिलेंडर चोरी के आरोप में पांच बदमाश गिरफ्तार

एनकेजे थाना क्षेत्र के छैघरा में की गई थी चोरी की वारदात

नवभारत, कटनी। एनकेजे थाना क्षेत्र के देवराखुर्द गांव स्थित सरकारी प्राथमिक स्कूल से सिलेंडरों और राशन की चोरी करने वाले बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि 6 नवंबर 2025 को देवराखुर्द निवासी अर्चना तिवारी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि प्राथमिक स्कूल देवराखुर्द से अज्ञात चोरों ने पांच गैस सिलेंडर और राशन सामग्री चोरी कर ली है। शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की। विवेचना के दौरान तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिरों की सूचना पर पांच युवकों को पकड़ा गया। आरोपियों से चोरी के संबंध में पूछताछ की गई। आरोपियों ने पूछताछ के दौरान चोरी की वारदात को अंजाम देना स्वीकार कर लिया है।

पकड़े गए आरोपी छैघरा गांव निवासी संदीप काछी, जोबीकला गांव निवासी कुती उर्फ सलोक कुमार कुशवाहा, मंजू उर्फ जयदेव पटेल, छैघरा गांव निवासी मनोज उर्फ रोहित यादव, कछगवां गांव निवासी शनि दाहिया है। इस मामले में एक आरोपी करिया आदिवसी फरार है। जिसकी तलाश में पुलिस टीम उसके संभावित ठिकानों में दबिश दे रही है। आरोपियों से पुलिस ने पांच गैस सिलेंडर बरामद किए हैं, जिनकी अनुमानित कीमत लगभग 15,000 रुपए है। पूरी कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ संतोष डेहरिया और हेड क्वार्टर डीएसपी के मार्गदर्शन में की गई है।

पुलिस लाइन झिंझरी में अग्निवीरों की भर्ती, भीड़ प्रबंधन की तैयारियां शुरू

तहसीलदार और नायब तहसीलदारों की लगाई गई ड्यूटी

नवभारत, कटनी। पुलिस लाइन ग्राउंड झिंझरी 13 से 24 फरवरी 2026 के मध्य आयोजित होने वाली अग्निवीर थल सेना भर्ती रैली में लगभग 15 जिलों के आवेदक सम्मिलित होने की संभावना है। अपर जिला मजिस्ट्रेट द्वारा रैली में अत्यधिक भीड़ की संभावना के मद्देनजर जिले के महत्वपूर्ण स्थल पर शहर में शांति और कानून व्यवस्था के लिए अपर कार्यपालिक मजिस्ट्रेटों की ड्यूटी लगाकर दायित्व सौंपे गए हैं। अपर जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जारी आदेश के अनुसार हर्षवर्धन रामटेके एएसएलआर प्रभारी नायब तहसीलदार को पुलिस लाइन ग्राउंड झिंझरी के अंदर रैली स्थल पर सुबह 6 बजे से दोपहर 1 बजे तक ड्यूटी लगाई गई है। इसी प्रकार अतुलेश सिंह नायब तहसीलदार तहसील ग्रामीण कटनी की पुलिस लाईन ग्राउंड झिंझरी के अंदर रैली स्थल पर दोपहर 2 बजे से रात्रि 10 बजे तक ड्यूटी लगाई गई है। इसी प्रकार ऋषि गौतम नायब तहसीलदार तहसील बड़वारा की पुलिस लाईन ग्राउंड झिंझरी के बाहर गेट और आस पास सुबह 6 बजे से दोपहर 1 बजे तक ड्यूटी लगाई गई है। वहीं आशीष कुमार चतुर्वेदी नायब तहसीलदार तहसील विजयराघवगढ़ की ड्यूटी पुलिस लाइन ग्राउंड झिंझरी के बाहर गेट और आसपास के स्थल पर दोपहर दो बजे से रात 10 बजे तक ड्यूटी लगाई गई है। जबकि प्रशन्न कुमार वर्मा प्रभारी नायब तहसीलदार तहसीलदार बरही की ड्यूटी बस स्टैंड कुठला, मुख्य रेलवे स्टेशन, मुड़वारा रेलवे स्टेशन, साउथ रेलवे और मिशन चौक में सुबह 6 बजे से दोपहर 1 बजे तक लगाई गई है। नायब तहसीलदार आकाशदीप नामदेव को बस स्टैंड रेलवे स्टेशन सहित अन्य क्षेत्र का दायित्व सौंपा गया है।

सरकार की योजनाओं को जनता तक पहुंचाएं कार्यकर्ता

युवा मोर्चा के उपाध्यक्ष ने किया प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत

नवभारत, कटनी। भारतीय जनता युवा मोर्चा के नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर के प्रथम आगमन पर युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया गया। इस अवसर पर जिले सहित आसपास के क्षेत्रों से काफी संख्या में युवा मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन भाजपा युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अजय वीरभद्र माली के नेतृत्व में किया गया। जहां कार्यकर्ताओं ने उत्साह, जोश और संगठनात्मक अनुशासन का परिचय दिया। प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर ने कहा कि सरकारी की जनकल्याणकारी योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाए। इस अवसर पर अजय वीरभद्र माली ने प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत करते हुए कहा कि श्याम टेलर के मार्गदर्शन में युवा मोर्चा नई ऊर्जा, संकल्प, समर्पण के साथ संगठन को और अधिक सशक्त बनाएगा। कार्यक्रम में उपस्थित युवाओं में नई चेतना, उत्साह और कार्य करने की प्रेरणा देखने को मिली।

कृषि | जिले के किसानों में चिया खेती के प्रति बढ़ा रूझान, पारंपरिक खेती की तुलना में प्राकृतिक खेती ज्यादा फायदेमंद

मेहनत और लागत हुई कम, आमदनी ज्यादा, किसान को चिया की खेती से हो रहा फायदा

नवभारत, कटनी। चिया की खेती किसानों के लिए कम लागत और मेहनत में बंपर मुनाफा देने वाला एक बेहतरीन विकल्प है। इस फसल को रबी मौसम में कम पानी और खाद की आवश्यकता होती है और यह कीड़ों से भी सुरक्षित रहती है साथ ही इसकी फसल में मौसम की मार का प्रभाव भी काम होता है।जिले के किसानों में इसकी खेती के प्रति धीरे-धीरे दिलचस्पी बढ़ती जा रही है। विकासखंड बहोरीबंद के ग्राम सुनाई निवासी संजय मिश्रा करीब 2 हेक्टेयर में चिया और धान एवं गेहूं की प्राकृतिक व जैविक खेती कर पहले से लगभग दोगुना मुनाफा अर्जित कर रहे हैं। कृषि विभाग की आत्मा योजनान्तर्गत मिली प्राकृतिक व जैविक खेती की सलाह पर अमल कर कृषक संजय मिश्रा करीब एक हेक्टेयर में रोपण पद्धति से धान की खेती,0.80 हेक्टेयर में गेहूं की क़तार बोनी और 0.20 हेक्टेयर में चिया की छिटकवा पद्धति से खेती कर परंपरागत खेती की तुलना में करीब-करीब दोगुनी आय प्राप्त कर रहे हैं। जहां पहले वह दो हेक्टेयर भूमि पर धान व गेहूं की परंपरागत खेती से मात्र 61 हजार रुपए की ही आय अर्जित कर पाते थे। वहीं प्राकृतिक व जैविक खेती की वजह से शुद्ध मुनाफा बढ़ कर अब एक लाख 18 हजार रुपए हो गया है। किसाना संजय मिश्रा ने बताया कि उन्होंने करीब 0.20 हेक्टेयर में चिया की खेती कर 2 क्विंटल चिया का उत्पादन किया। जिसे बाजार में 15 हजार रुपए प्रति क्विंटल की दर से 30 हजार रुपए में बेचा और 5 हजार रुपए लागत काट कर उन्हें चिया की खेती से शुद्ध 25 हजार रुपए का लाभ हुआ। मानव आहार मे इसके बीजों का उपयोग महत्वपूर्ण माना गया है। इनमें प्रोटीन, फाइबर, ओमेगा-3 वसा, कैल्शियम, मैग्नीशियम, फास्फोरस और विटामिन बी जैसे अन्य पोषक तत्व होते हैं। चिया बीज एक सुपरफूड के रूप में जाने जाते हैं, क्योंकि इसमे विभिन्न प्रकार के औषधीय गुण पाएं जाते हैं और विभिन्न तरीकों से खाये जा सकते हैं। चिया के बीज को अन्य खाद्य पदार्थों में टॉपिंग के रूप में जोड़ा जा सकता है या स्मूदी, नाश्ते के अनाज, एनर्जी बार, ग्रेनोला बार, दही, टॉर्टिला और ब्रेड में डाला जा सकता है। चिया बीज स्वस्थ त्वचा के लिए, बढती उम्र के प्रभाव को कम करना, हृदय और पाचन तंत्र को बेहतर करना, मजबूत हड्डियों, मांसपेशियों का निर्माण करने में सहायक होते हैं। यह मधुमेह को कम करने के लिए भी सहायक माने जाते हैं। इसका सेवन शरीर व दिल को बीमारियों से लड़ने के लिए शक्ति देता है।

KAMAKHYA REAL ESTATE
हम है आपकी हर जरूरत के लिए भरोसेमंद साथी...
आवासीय मकान और प्लाट,
वाणिज्यि (कमर्शियल) संपत्तियां,
औद्योगिक (इंडस्ट्रियल)
प्लॉट अब संपत्ति की खरीद-फरोख्त करें
पूरी पारदर्शिता और आसानी के साथ चाहे
आपको चाहिए एक सुकून भरा घर रिहायशी प्लॉट
व्यवसाय के लिए दुकान
आपकी फैक्ट्री के लिए उपयुक्त जमीन
पूरे भारत में प्रॉपटी खरीदने के लिए संपर्क करें
AMIT GAUTAM +91 86430-19577, +91 96911-21453
E-mail: kamakhyarealstate@gmail.com

धर्मलोक हॉस्पिटल
A unit of Dharmlok Hospital Pvt. Ltd.
AN ISO 9001 : 2015 CERTIFIED
दूरबीन से पित्त की पथरी की सर्जरी, दूरबीन से अपेंडिक्स सर्जरी, दूरबीन से ओपन पेट की सर्जरी, उन्नत तकनीक (स्टेपलर/लेटर) के फिस्टुला सर्जरी, स्तन सर्जरी, किडनी/ प्रोस्टेट/मूत्राशय सर्जरी, मधुमेह पैर की देखभाल/सर्जरी, तीव्र और जीर्ण घाव प्रबंधन।
डॉ. राजेश बत्रा
एम.एस., एफ.एम.ए.एस., एफ.आई.ए.जी.ई.एस., एफ.ए.आई.एस.
जनरल और लैप्रोस्कोपिक सर्जन
डॉ. हर्षा बत्रा
एमडी (ओबीजी) सोनोग्राफी डिप्लोमा
स्त्री, प्रसूति एवं बांझपन विशेषज्ञ
सामान्य एवं सिजेरियन डिलीवरी, अंडेदानी की गठान, उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था, निःसंतानता, बच्चेदानी निकालना, सफेद पानी का इलाज, गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी, बार-बार गर्भपात होना, पॉलिसिस्टिक ओवेरियन डिजीज/सिंड्रोम।
आयुष्मान कार्डधारी मरीजों का एवं हेल्थ इंश्योरेंस कार्ड धारी मरीजों का निःशुल्क इलाज किया जाता है।
ओपीडी सुबह 11:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक
पता-आदर्श कालोनी रोड, कटनी (म.प्र.)
Ph. 07622-422390, 796084 Help line 24x7: 8305402024